2022

HINDI — GENERAL

Paper : SEC-A-1

(Vigyapan : Awadharna Nirman evam Prayog)

Full Marks : 80

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(विज्ञापन : अवधारणा निर्माण एवं प्रयोग)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

जल है तो __________ है। एक कदम __________ की ओर।

(ख) विज्ञापन के दो उद्देश्य बताइए।

(ग) वित्तीय विज्ञापन के उपयोग के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(घ) विज्ञापन का लाभ किसे-किसे मिलता है? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

(ङ) उपभोक्ता उत्पादों के पैकेजिंग के दो फायदे बताइए।

(च) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दो उदाहरण लिखिए।

(छ) विज्ञापन से जुड़ी किन्हीं दो एजेंसियों के नाम लिखिए।

(ज) विज्ञापन के लिए किन्हीं दो ओ टी टी प्लेटफार्म के नाम बताइए।

(झ) माध्यम के आधार पर विज्ञापन को कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है?

(ञ) लेआउट तैयार करते समय उपयोग किए जाने वाले किन्हीं दो सिद्धांतों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4

(क) विज्ञापन क्षेत्र में प्रयोजनीय विभिन्न नैतिक प्रश्नों का उल्लेख कीजिए।

(ख) ब्रांड इमेज क्या होता है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) विज्ञापन अभिकल्पना के सिद्धांत लिखिए।

(घ) विज्ञापन क्षेत्र में सृजनात्मक लेखन का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विज्ञापन और उपभोक्ता व्यवहार से संबंधित विचार रखिए।

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4

(क) विज्ञापन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

(ख) विज्ञापन अभियान में माध्यम योजना (मीडिया प्लानिंग) की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ग) भारत में विज्ञापन से संबंधित कानूनों एवं आचार संहिताओं का परिचय दीजिए।

(घ) विज्ञापन के विभिन्न माध्यमों का परिचय देते हुए उनका व्यावहारिक स्वरूप बताइए।

(ङ) विज्ञापन की भाषा की क्या विशेषताएँ होती है? बताइए।